must not be repeated and the caste discrimination must come to an end once and for all and all the culprits, who are directly or indirectly responsible for the tragic end of Rohit's life, must be brought to book. Sir, as far as the incident that took place at the Jawaharlal Nehru University is concerned, the admitted position is that a commemorative function to observe the death anniversary of a hard core terrorist, who was executed pursuant to court's order, was organized in the name of cultural evening on the 9th February, 2016 at the Jawaharlal Nehru University when anti-India slogans to glorify the deadly terrorists, who were instrumental in attacking the Indian Parliament and elsewhere, were reportedly raised. The main accused has, of course, denied his involvement in the incident and condemned the act of anti-national activities. But the question is why the permission for organizing the programme was accorded knowing it full well that such commemorative function was also held in the campus twice in succession soon after the execution of the terrorists following the Supreme Court verdict. Was there any intelligence failure? Why was the permission withdrawn at the last moment and at whose behest? It is reported that some outsiders and noted separatists thronged the campus on the fateful evening and raised slogan and posters glorifying the terrorists since executed and also demanding *azadi* or freedom for Kashmir and right to secede from India. While this is extremely deplorable, the question arises as to why no preventive measure could be initiated by the Government or the authorities concerned by discussing it with the university authorities and the leaders of the students' union and how the separatist elements from outside the campus were allowed to enter and resort to anti-national acts. The Government owes an answer to this august House.

Sir, as soon as the videos of 9/2 incident went viral, accusations and counter-accusations reached its ugliest form both in the electronic media and the print media as also in the social and anti-social websites. When it was incumbent upon all the political parties and other stakeholders to maintain absolute restraint at the outset to defuse the tension, it was seen that there was a rat race among some political parties to take credit, this way or that way, by supporting or not supporting such an ugly incident. Many of our leaders jumped into the fray for reaching the media in a bid to adding fuel to the fire, knowingly or unknowingly. Even a very senior functionary of the Government acted irresponsibly by spreading some information on twitter which was later proved to be baseless.

Sir. Kolkata had to face the immediate effect of the Jawaharlal Nehru University incident. But our Government in West Bengal dealt with the situation in a diligent manner

6.00 P.M.

which resulted in restoration of peace and tranquillity. Our party workers also avoided all sorts of provocations under the instructions of our beloved leader, Ms. Mamata Banerjee.

Sir, while we condemn all acts of anti-national activities wherever they may take place in the country, we decry any attempt to brand anyone as anti-national who is otherwise not involved in such activities. Administrative excess to curb a dissenting voice is deplorable as its goes against our constitutional safeguards. Similarly, the attack on journalists at Patiala House Court shows the worst form of brutality inasmuch as it was resorted to by a section of advocates who are otherwise duty bound to defend the law and not to take the law in their own hands.

Sir, there are reports that a number of video and audio tapes were tailored and background of some of the videos were also doctored. Now the question is as to who doctored the video and audio tapes. The Government must come forward with all information to this august House.

Sir, so far as the issues of sedition and Section 124A of the Indian Penal Code are concerned, as was explained by the hon. Leader of the House, I would like to add a few words to that. The Section was not in the original Act of 1860. but it was incorporated later on in 1870 by the then British Government actually to punish our freedom fighters, to curb the voice of our media and intellectuals. Sir, the word 'sedition' was first interpreted in the case of Queen Empress *versus* Bal Gangadhar Tilak in the year 1897 by the Privy Council. Even Mahatma Gandhi was not spared. He was also booked under this Section 124A which led Mahatma Gandhi to say, and I quote, "Affection cannot be manufactured or regulated by the law. If one has no affection for a person, one should be free to give the fullest expression to his disaffection so long as he does not contemplate, promote or incite violence." Our Supreme Court, in a plethora of cases, has also ruled in that direction. Therefore, while determining the elements of disaffection to the Government or the nation, utmost care and restraint is needed by the law enforcing authorities. But, this Section 124A has been mis-utilised both by the colonial rulers and the successive Governments in free India to throttle the voice of dissent or disaffection which must not be followed by the present Government.

In England, since 2010, the sedition law is restricted against non-citizens. In the USA, an identical provision of sedition in the Smith Act has allowed to be confined now to the military only. Therefore, it is high time that we should also have a relook at Section 124A of IPC to avoid misuse and all sorts of harassment even though we sincerely believe that liberty cannot be enjoyed as a licence.

[Shri Sukhendu Sekhar Roy]

Sir, I never cross the time limit, but today is a special day. Our nationalism is the principle of the majority of our countrymen, but ultra-nationalism, under no circumstances, is accepted. Similarly, dissension is one of the guiding factors of our liberal democracy, but ultra-leftism has always been rejected by our people. This is why, a particular political party, which denounced Indian independence and used to burn out copies of our Constitution and National Flag on the streets of various towns and cities of India raising the slogan, 'यह आज़ादी झूठी है', and accusing India as the invader during the Sino-Indian War in 1962, has been compelled to accept our political mainstream and now, they have become a part of our political system.

Sir, there is another party, which after experiencing defeats after defeats in States after States and also at the national level, reducing itself to a microscopic minority, is now trying to fish in troubled waters or any stream of water so that it can get back its monopoly to rule and ruin the country. Somewhere it joins hands with fissiparous elements and forging unholy alliances with a party which not only butchered thousands of its workers but all along worked against the unity and integrity of the country.

Sir, my final words would be that then there is rise of the third party, which propagates jingoism and conveniently shakes off the tenets of patriotism, what the nation today wants more and more is not jingoism but patriotism. We are committed to our motherland to protect our national integrity at any cost. Sir, with your kind permission, I want to conclude with the words of Tagore. I quote, "O my country's soil, I bow my head to you. On you is spread the universe encompassing universal mother's sari's end."

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you very much. Now, Mr. Narendra Kumar Kashyap.

श्री नरेन्द्र कुमार कश्यप (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, कल हमारी पार्टी की नेता आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी ने स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से हैदराबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय में रोहित वेमुला की आत्महत्या के संबंध में बहुत गंभीर विषय को उठाया था और विषय की गंभीरता को सदन में बहुत सारे सदस्यों ने महसूस भी किया था चूंकि यह मामला एक दलित छात्र की आत्महत्या से जुड़ा हुआ है और सरकार की तरफ से यह इंडिकेशन मिल रहा था कि इस घटना की जांच के लिए न्यायिक जांच आयोग बनाया गया है। हमारी पार्टी की तरफ से, हमारी नेता ने यह मांग की थी कि उस न्यायिक जांच आयोग में एक सदस्य शेड्यूल्ड कास्ट का भी होना चाहिए, ताकि उस दलित के परिवार को न्याय मिल सके। आज विपक्ष और सत्ताधारी पार्टी की तरफ से कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं, अपना भाषण किया है, लेकिन किसी भी सत्ताधारी पार्टी के सदस्य ने इस संबंध में ...**(व्यवधान)**...

SHRI PRAMOD TIWARI: It is already 6 o'clock. We are sitting till what time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): The BAC has already decided to sit beyond 6'o clock whenever needed. So, Kashyapji please continue.

श्री नरेन्द्र कुमार कश्यपः किसी भी सत्ताधारी पार्टी के सदस्य ने even नेता सदन ने भी इस संबंध में अपना कोई वक्तव्य नहीं दिया, जिसके संबंध में कल हमारी नेता ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी थी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारी पार्टी ने, हमारी नेता ने कल भी यह आशंका व्यक्त की थी कि शायद सरकार हमारी इस मांग पर सकारात्मक विचार नहीं कर रही है। हमें पीठ से आश्वासन मिला था, उपसभापति महोदय जी ने आश्वासन दिया था कि हम सत्ताधारी दल के लोगों से कहेंगे कि आपकी मांग पर सकारात्मक विचार करें, लेकिन अभी तक सदन में जो डिस्कशन हुआ है, हमें नहीं लगा कि सरकार इस पर गंभीरता से अभी तक विचार कर रही है। मैं उम्मीद करता हूं कि आज इस सदन में हमारी पार्टी की नेता आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी के उस सवाल का जवाब जरूर मिलेगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, रोहित की आत्महत्या करोड़ों दलितों के सम्मान के साथ खिलवाड़ है। देश के 25 करोड़ दलितों में आज भय का वातावरण पैदा हो गया है। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी 9 दलित छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। उनके केसों में भी कोई बड़ा फैसला अभी तक नहीं आया है। देश की सरकारों ने दलितों की इन घटनाओं को शायद गंभीरता से नहीं लिया। मैं सत्ताधारी लोगों को बताना चाहता हूं कि अगर गंभीरता से लिया होता, तो पिछले 10 सालों में पौने दो लाख दलितों पर अत्याचार नहीं होते। जो पौने दो लाख दलितों पर अत्याचार हुए हैं, अभी तक उन केसों के फैसले भी नहीं आए हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहता हूं कि लगातार दलित और आदिवासी लोगों पर होने वाले हमले शायद किसी षडयंत्र का हिस्या न हों। यह भी जांच का विषय और विचार का प्रश्न हो सकता है। चूंकि जिस तरह से रोहित ने अखबारों में बयान दिया, उसमें उसने लिखा कि, "मेरा दलित परिवार में जन्म लेना एक घातक दुर्घटना थी, जिसने लगातार उसका पीछा किया और जिस कारण उसकी जिंदगी की रचनात्मक संभवनाएं फलीभूत नहीं हो सकी हैं। जय हिंद!" महोदय, रोहित ने आशंका व्यक्त की थी कि क्या दलित परिवार में पैदा होना मेरे लिए अभिशाप तो नहीं हो गया? मैं खास तौर से सत्ताधारी पार्टी के नेताओं को कहना चाहता हूं कि यही चिंता बाबा साहेब अम्बेडकर साहब की थी, यही वेदना बाबा साहेब अम्बेडकर की थी जब उन्हें भी उस जमाने में यह कहना पड़ा था, जब जातिवाद का माहौल देश में हुआ करता था, जाति व धर्म के नाम पर उत्पीड़न हुआ करता था, डा. अम्बेडकर साहब ने भी कहा था। खास तौर से भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता और उनकी पार्टी से जुड़ तमाम संगठनों को मैं कहना चाहता हूं, डा. अम्बेडकर साहब ने कहा था कि हिंदू धर्म में पैदा होना मेरे वश में नहीं था, लेकिन मैं हिंदू धर्म में रहकर नहीं मरूंगा। यह मेरे वश में है। अगर ऐसी बातें बाबा साहेब डा. अम्बेडकर ने कहीं, तो आखिर कोई-न-कोई वेदना जरूर रही होगी, इसके पीछे कोई-न-कोई कारण जरूर रहा होगा। महोदय, इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि 69 वर्षों की आजादी में आज भी दलित समुदाय अपने आपको असुरक्षित और अपमानित

[श्री नरेन्द्र कुमार कश्यप]

महसूस कर रहा है। सरकार को इस बात को जिम्मेदारी के साथ लेना चाहिए। दलित छात्र को स्कॉलरशिप नहीं मिलती, फेलोशिप नहीं मिलती। वह इसलिए आत्महत्या कर रहा है कि एबीवीपी के नेता उसे pressurise कर रहे हैं, उसे अम्बेडकरवादी होने की सज़ा दे रहे हैं। अगर अम्बेडकरवादी होना कोई सज़ा का कारण है तो मैं समझता हूं कि यह कारण बिल्कुल उचित नहीं है। रोहित अम्बेडकर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के साथ जुड़े थे। वे इस संगठन के माध्यम से संघर्ष करते थे। एबीवीपी की यही शिकायत थी, यही शिकायत और तमाम सामाजिक संगठनों की थी। महोदय, अगर अम्बेडकर साहेब के नाम की किसी संस्था से जुड़ना कोई जुल्म है, तो मैं समझता हूं कि यह बात इस देश में किसी कीमत पर भी कबूल की जाने वाली नहीं है। यह बहुत तकलीफ का विषय है।

आदरणीय गृह मंत्री जी यहां विराजमान हैं। महोदय, यह घटना 18 जनवरी को हुई। उसी दिन एफआईआर होती है। महोदय, 6 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर है और आज 37 दिन गुजर गए हैं और इन 37 दिनों में रोहित की आत्म हत्या के सिलसिले में जिन 6 लोगों को अभियुक्त बनाया गया था, क्या उनके खिलाफ सरकार ने कोई कार्यवाही करने की कोशिश की है? क्या उनके खिलाफ किसी कानूनी पहलू पर सरकार आगे बढ़ी है? महोदय, इस मुकदमे में 306 में एसीएसटी एक्ट लगा है। इस केस में बहुत सारे लोगों ने गलतफहमी पैदा करने के लिए बहुत सारी बातें कही हैं। किसी ने कहा कि वह तो शेड्यूल्ड कास्ट ही नहीं है। इस तरह के सवाल उठाए गए हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर वह शेड्यूल्ड कास्ट नहीं होता तो क्या एफआईआर एससीएसटी एक्ट में होती? क्या उसके मामले को दलित एक्ट में दर्ज़ किया जाता? इसलिए मैं अपनी दूसरी मांग आपके सामने रखना चाहता हूं। मेरी पहली मांग बहुजन समाज पार्टी के माध्यम से है कि जो जांच आयोग बना है, उसमें शेड्यूल्ड कास्ट के व्यक्ति का appointment होना बहुत जरूरी है, ताकि दलितों में न्याय के प्रति विश्वास बढ़े। महोदय, मेरा दूसरा निवेदन यह भी है कि जिन 6 आरोपियों को एफआईआर में नामजद किया गया है, सरकार उनके खिलाफ क्या कार्रवाही करने वाली है? इस पर भी कोई न कोई जवाब इसलिए आना चाहिए कि सरकार उनके खिलाफ क्या कार्रवाई करने वाली है। अभी रीसेंटली जो जवाहरलाल नेहरू केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 9 तारीख की घटना है, तो इस पर तुरन्त गिरफ्तारी हो जाती है। हमें इस पर कोई एतराज नहीं है। कोई देशद्रोह का मुलज़िम है, आप उसके खिलाफ कार्रवाई करें, तो हमारी पार्टी इस पर एतराज़ नहीं करती है, लेकिन एक केस वह है, जो हैदराबाद में 37 दिन पहले हुआ, उसमें एक भी मुलज़िम गिरफ्तार नहीं हुआ। एक केस यह है, जो 9 फरवरी को हुआ, उसमें गिरफ्तारियां हो रही हैं और देशद्रोह के मुकदमें लग रहे हैं। ठीक है, कानून जो कहता है, आप वह कार्रवाई करिए। इस मुद्दे पर भी हमारी नेता आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी ने साफतौर से देश की जनता के सामने कहा था कि सरकार देख ले, कहीं इसमें कोई षडयंत्र तो नहीं है, कोई साज़िश तो नहीं है। करने वाला कोई और हो और फंसने वाला कोई और तो नहीं है। मैं यह बात इस आधार पर कह रहा हूं कि उस कन्हैया कुमार ने दिल्ली के पुलिस कमिश्नर के नाम जो अपना बयान व चिट्ठी दी थी, मैं उसको एक लाइन में quote करना चाहता हूं;

'मैं भारत के संविधान में विश्वास करता हूं तथा मेरा यह सपना है कि इसकी प्रस्तावना को अक्षरशः लागू करने में हर संभव सहयोग करता हूं। मैं भारत की एकता और अखंडकता को मानता हूं। इसके विपरीत किसी भी संवैधानिक कार्यों का समर्थन नहीं करता हूं।'

इस तरह देश की एकता के लिए उन्होंने अपना बयान दिया। इसी के आधार पर जब उनकी गिरफ्तारी हुई, तो दिल्ली के पुलिस कमिश्नर कहते हैं कि हम कन्हैया कुमार की बेल का विरोध नहीं करेंगे। कन्हैया कुमार की स्टेटमेंट के बाद, कन्हैया कुमार की सच्चाई के बाद जब दिल्ली कमिश्नर की आत्मा जागी होगी, तो उन्होंने कहा कि हम इसका विरोध नहीं करेंगे। ...**(समय की घंटी)**... फिर भी मैं यह कहना चाहता हूं कि बिना ठोस सुबूत के, बिना ठोस गवाहों के, किसी भी व्यक्ति को मुलज़िम बनाना मानव अधिकार के खिलाफ है। इसलिए महोदय, मैं आपके माध्यम से यह अपील करूंगा कि राष्ट्रद्रोह का मामला बहुत बड़ा है, बहुत गंभीर है। इसके लिए हमारी पार्टी देश के सम्मान के लिए, देश की एकता के लिए सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार है, लेकिन यदि निर्दोष लोग राष्ट्रद्रोह के केस में फंसेंगे, तो हम लोग इसको बरदाश्त नहीं करेंगे, देश बरदाश्त नहीं करेगा। इसलिए मैं अपील करूंगा कि इस गंभीर मामले में जल्दबाजी न करें। सत्ता आपके हाथ में है, पुलिस आपके हाथ में है, आप निष्पक्ष जांच कराएं। जो दोषी है, उसको सजा मिले और जो निर्दोष है, उसको सम्मान से जीने का मौका मिले। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Mr. Kashyap. Now, Shri Bhupinder Singh.

श्री भूपिंदर सिंह (ओडिशा): उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बहुत गंभीर बात है। मैंने पहले कुछ मुद्दे उठाए थे। होम मिनिस्टर साहब ने उनमें से एक का जवाब दिया कि दिल्ली में पुलिस के कितने लोग रखे हैं, लेकिन क्या यह सत्य नहीं है कि आईबी ने बताया था कि 9 फरवरी को जो कांफ्रेंस होने जा रही है, उसमें कुछ ऐसे नारे आएंगे? क्या उसमें ऐसी बात आई थी या नहीं? मैं इसका जवाब चाहता हूं।

सर, दूसरी बात यह है कि जो रोहित की बात है, उसमें आज इतनी गंभीर बात आ गई है, अगर यह सच्चाई है, प्रतिपक्ष के नेता ने बताया कि 3 दिसम्बर से लेकर 18 दिसम्बर तक सरकार की तरफ से, डिपार्टमेंट की तरफ से कहा जा रहा है कि anti-national activities are going on in the Central University of Hyderabad तो जब आपको मालूम था कि यहां anti-national activities हो रही हैं, तो इस देश में सरकार चार महीने से क्या कर रही थी? आज रोहित के चले जाने के बाद, क्या हम यह समझ लें कि सरकार हमें यह समझाएगी कि वहां anti-national activities नहीं हो रही हैं? हमें इस बारे में बताया जाए। सर, इतिहास साक्षी है, जब भी कोई परिवतन आया है तो उसके पीछे हमेशा से युवा रहे हैं। जेएनयू में जो घटना घटी है, जो नारे देश के विरुद्ध लगाए गए हैं, उनके खिलाफ हमारी बीजू (जनता दल) पार्टी हर वक्त खड़ी है। ऐसे तत्व जिन्होंने इस महान व पवित्र सदन पार्लियामेंट के ऊपर अटैक करने की कोशिश की है, ऐसे तत्व अगर देशद्रोह के नारे लगाते हैं,... अगर कहीं पर भी हमारी माँ के against में कोई भी बात होती है, तो हम उसके support में नहीं हैं, हमारी पार्टी उसके support में नहीं है। सरकार उसके ऊपर एक्शन ले। सर, जो लोग टोपी लगा कर आए थे, वे लोग कौन थे? आज तक उनका पता क्यों नहीं चला? दिल्ली में जेएनयू के अन्दर जो मुँह ढक कर आए थे, वे लोग कौन हैं, इसका भी अभी तक पता नहीं चला, तो इससे बड़ी खेद की बात और क्या हो सकती है? सर, यहां सदस्य जो बात करते हैं, वह हम बना कर नहीं करते हैं। हमारा धर्म है, हम इस पवित्र गृह में यही बात करने के लिए आए हैं कि देश के लोग बाहर क्या चर्चा कर रहे हैं। Public opinion क्या है, public perception क्या है, सरकार इसके ऊपर थोड़ा गौर करे। लोकतंत्र में public perception का

[श्री नरेन्द्र कुमार कश्यप]

सम्मान करना हरेक सरकार का सबसे बड़ा कर्तव्य है। इस पार्लियामेंट में, राज्य सभा हो या लोक सभा, यहां हर सदस्य का धर्म है कि वे यहां आपके माध्यम से बाहर की चर्चा को सरकार की नजर में लाएं और सरकार उसका ठीक जवाब, ठोस जवाब दे। अगर उसका जवाब भी नहीं मिलता है, तो यह बड़े दुख और खेद की बात है।

सर, मैं होम मिनिस्टर साहब को याद दिलाना चाहता हूं कि यहां सरकार बनने के बाद पहले दिन जब मैं होम मिनिस्ट्री के ऊपर बात कर रहा था, उस रोज मैंने कहा था कि मैं कोई फिल्म की बात नहीं कर रहा हूं। मैंने खुद अपने जीवन में उसको निभाया है। मैं भी कॉलेज यूनियन प्रेसिडेंट रहा हूं। मैं लाला लाजपत राय कॉलेज का प्रेसिडेंट रहा, यूनिवर्सिटी में भी प्रेसिडेंट रहा। अगर एक बार कन्हैया या उसके साथी, रामा नागा की बात सुन ली जाती, तो अच्छा होता। अगर कल यह प्रमाणित हो जाए कि वे लोग इसके पीछे नहीं थे, तो क्या यह पार्लियामेंट या इस देश का कोई आईन उनका वह सम्मान फिर से दे सकता है? एक छोटी सी गलती के कारण एक नौजवान की लाइफ को suppress करने का काम न किया जाए। ऐसा न हो कि कल वे वहाँ से दोषमुक्त होकर निकलें और अगर उनमें से कोई रोहित जैसी suicide करता है, तो उसके लिए कौन उत्तरदायी होगा? आपके माध्यम से मैं आज इस गृह में उम्मीद करता हूं कि होम मिनिस्टर साहब इसका जवाब जरूर देंगे।

सर, ये जो घटनाएं घटी हैं, मैंने कहा था कि if politics of the day decides, there will be no such incident in any university of the country. I have said this time and again in this House. इसको राजनीति से ऊपर रखा जाए। वहां यह कैसे हुआ कि आज तक यह पता नहीं चला कि वहां पर कौन लोग थे? वे pamphlets जिन्होंने छापे थे, वे किस प्रेस में छपे थे, वे कहां से आए थे?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Mr. Bhupinder Singh, kindly listen to me.

SHRI BHUPINDER SINGH: Sir, I have given notice...

THE VICE CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Listen to me. Your Party has been given four minutes. There are two speakers from your Party. You have spoken for five minutes.

SHRI BHUPINDER SINGH: Sir, please give some time to my colleague, Shri Parida. I am not touching the Hyderabad issue. He will talk about Hyderabad in detail.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): But he needs time. Please conclude.

श्री भुपिंदर सिंहः सर, मैं यह बात इसीलिए रखना चाहता हूं कि अभी तक जो बात हुई है, उसमें यह जानकारी मिली है कि रामा नागा एक Scheduled Caste लड़का है। वह लड़का मल्कानगिरी, कोरापुट डिस्ट्रिक्ट, ओडिशा से आया है। उसमें सभी प्रकार के सपोर्ट करने की बात कही गई है। इस

बात को ऐसा बना कर ऐसे लड़कों के विरोध में ऐसा कोई कदम न उठाया जाए। Investigation के नाम पर अभी तक हमें मालूम नहीं चला है कि वह pamphlet कहां से आया था। यूनिवर्सिटी अथॉरिटी के अनुसार पिछले तीन साल से वहां शहीद दिवस मनाया जा रहा था। पिछले दिनों इसके ऊपर कदम क्यों नहीं उठाया गया? अब यह जो घटना घटी है, इसके लिए लास्ट मिनट में किसका फोन आया था, किसने कहा कि वहां यह कार्यक्रम होने जा रहा है? यह मेरी जानकारी में है कि उससे पहले आईबी ने रिपोर्ट किया था कि वहां ऐसी घटना घटने जा रही है। ...**(समय की घंटी)**... उसके बावजूद भी सरकार चुप्पी मार कर बैठी रही। इसलिए मैं उम्मीद करूंगा कि हमने यहां जो सवाल उठाए हैं, उनका सही-सही जवाब हमें मिलना चाहिए और किसी भी innocent को पनिश न किया जाए। ऐसा जवाब न हो। सर, मैंने कहा था कि अगर यूनिफॉर्म एजुकेशन पॉलिसी। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): You have made your point. It is enough.

श्री भूपिंदर सिंहः सर, लास्ट प्वॉइंट। अगर हम लोग सारे देश के अंदर यूनिफार्म एजुकेशन पॉलिसी बना दें और उस एजुकेशन सिलेबस के अंदर 15 अगस्त को, 26 जनवरी, को महात्मा गांधी के जन्मदिन को, अम्बेडकर के जन्मदिन को, चाचा नेहरू के जन्मदिन को, इंदिरा गांधी के सेक्रिफाइस डे को बताया जाए, तो आप देखेंगे कि ऐसी घटनाएं नहीं होंगी। वही nationalism और patriotism की जो कमी है, उसको सिलेबस में लाया जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Please wind up.

श्री भूपिंदर सिंहः सर, कल मेरा एक स्पेशल मेंशन है, यहां पर मैंने कहा है - Uniform Civil Code is important for this country and Uniform Education Policy is the core of the day that the Government has to insert. अगर ऐसी शिक्षा मिल जाए, तो भारत के विरुद्ध भारत की भूमि में और दिल्ली जैसी जगह में भारत के टुकड़े करने के बारे में बात करने की सोच भी नहीं सकेगा। इसलिए ऐसी एक शिक्षा नीति बनाई जाए, जिसमें फूट-फूट कर patriotism और nationalism की बात आए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you. Now, the floor is for Mr. Tripathi.

SHRI D.P. TRIPATHI (Maharashtra): Thank you, Sir. Since I come from the hub of so-called 'anti-national activities', that is, Jawaharlal Nehru University, I would begin my speech with two lines of a poem from hon. Shri Atal Bihari Vajpayee. Atalji said, "No one becomes great with a petty mind. No one can stand on broken legs." Why I say this and why I begin with this, I will explain it a little later. The Leader of the House, my friend Arun Jaitleyji, has made my task easier. While entirely agreeing with him that hate speech can never be free speech, I have to state certain facts because there are certain similarities in what happened in the Hyderabad Central University and where Rohith Vemula was forced to commit suicide which, according to me, is an institutionalized murder and nothing

[Shri D.P. Tripathi]

else. A Minister in the Union Council writes — where my disagreement begins with the Treasury Benches — that the whole University, that is, Central University of Hyderabad, has become a den of anti-national activities, and JNU, that creates the atmosphere. My point is, while agreeing entirely for national integration, for the sovereignty of India, the problem begins when an atmosphere of fear, hate and discord is created. You call that University den of anti-national activities! JNU becomes a hub of anti-national activities! I have already talked about the Patiala House Court vandalism, I have already talked about what the Delhi MLA did. No action has been taken against him. The BJP has not taken any action against him. The Government has also not taken any action. Then, what another BJP MLA from Rajasthan has said about JNU is filthy and falsehood. It is anti-women, and BJP, I am sure, will not take any action. What happened yesterday in Delhi in ABVP's rally? The President of Delhi University Students' Union and the ABVP activists were hailed by the Leader of the House, the illustrious President of the Delhi University Students' Union, Shri Jaitley. He said in the rally, "We will enter their campuses and shoot the traitors." Is this not a hate speech? Who is making these hate speeches throughout the country? And what is happening in those demonstrations? That is what I am saying. We have come to a stage in this country where patriotism is not merely being taught by gangsters, but these gangsters are also garlanded. Who are garlanding these gangsters? You have to find out. That is why, when the BJP form of patriotism is talked about, I am reminded about Samuel Johnson who said, "Patriotism is the last refuge of a scoundrel." Now I will come to the point as to why this is happening. Where is the blunder of the Government? If you take action against any anti-national activity, we are all with you, with the Government. But in the name of 9th February happening, if you brand the entire institution as anti-national, that is something which is not acceptable. And let me tell you, it is not merely members of various political parties, say, Shri Sitaram Yechury or the Leader of the Opposition or Shri Anand Sharma, Shri K.C. Tyagi or Shri Javed Ali, who are criticising the Government. Forty Universities of the world, including Yale, Columbia, California, Harvard and Cambridge have criticised the actions of our Government in Jawaharlal Nehru University. Be it Noam Chomsky or I am quoting another scholar, Diana Eck, who is the Professor of Comparative Religion and Indian Studies at Harvard. She says and I quote her: "The perception that the Indian State is increasingly resorting to intervention to suppress views that it finds threatening is threatening itself."

This is a communication, a long communication, to the Vice-Chancellor of JNU. Therefore, she says: "Don't acquiesce in this move to undermine a great University like the JNU". JNU is not merely a centre of internationally acclaimed academic excellence. It

has been a centre of tolerance also. I want to inform this House, with a sense of pride, — I have been the President of the Students' Union — of what is described in books. I am not saying this, the books are saying, "The golden period of the JNU". Though it was a period of struggle, most of my time, as President of Students' Union, was spent in the Tihar Jail along with the Leader of the House fighting the Emergency. I was the President of the Students' Union from 1975 to 1977 April, and Shri Sitaram Yechury succeeded me as the President of the Students' Union. Therefore, I want to bring out two or three points about that University. JNU is the only University in the world where Students' Union elections are held by students themselves. Students constitute the Election Commission. There have been defeats and victories by one vote. But the views of the Election Commission, who are students; have always been accepted. Money power and muscle power play no role in JNU politics and elections. You should admire such an Institutition and not call it anti-national, like what the BJP MLA is calling or like how a Member of Parliament of the BJP has filed an FIR against the JNU. That is why I am saying. This whole atmosphere of hate will create hate only. It will not help. So, reconciliation is the need of the day.

Now, I am not going to repeat the points which have been made by other speakers because I don't want to waste the time of this august House. But I must state certain facts about the JNU. That is the only University in India, and I am proud of it, where the struggle against the Emergency continued through the Emergency era right from day one to the last day. Now why is this University being attacked? Why is there the charge of sedition? Where has the Government blundered? Why was there the charge of sedition against Kanhaiya Kumar, who is completely innocent, and who belongs to a mainstream political party? Why was that done? That is being done and all kinds of abusive language is used about that great University by Members and supporters of the Bharatiya Janata Party. The reason is very simple and I must state with all my conviction in this august House. Once, ABVP activist was also elected as President of Students Union in 2001 and the whole University accepted it. There was no *maar-peet* with him, but, by and large, Jawaharlal Nehru University has always opposed the ideology of Communalism and Fascism. It has stood for democratic values with all valour. That is why that Institution is attacked. Ideologically today, the Treasury Benches are using the 9th February incident to malign the whole University. How can you call that Institution 'a hub of anti-nationals'?

उपसभाध्यक्ष जी, अब मैं आखिर में आज थोड़ा सा समय लूंगा, क्योंकि यह जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय का मामला है। मैं कभी ज्यादा समय नहीं लेता।

मैं कहना चाहूंगा कि इन कारणों को आप देखने की कोशिश कीजिए। मेरा आपसे निवेदन है कि कम से कम अपनी पार्टी के लोगों को और उन तमाम संगठनों को, जो लोगों को जान से मारने की बात कह रहे हैं, गोली चलाने की बात कह रहे हैं, कैम्पस में घुस कर देशद्रोहियों को मारेंगे, मंच से ऐसे

[Shri D.P. Tripathi]

भाषण हो रहे हैं, उनको मना कीजिए। आप उनको सिर्फ मना ही मत कीजिए बल्कि उनको सज़ा भी दीजिए, क्योंकि राष्ट्रीय सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और समरसता तभी रहेगी जब हम दुर्भावना और नफरत के खिलाफ लड़ेंगे। मैं पूरी विनम्रता और विनय के साथ कहना चाहता हूं कि शासक दल का आज का जो व्यवहार है, वह व्यवहार मुझे यह कहने के लिए मजबूर करता है कि जब भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रवाद की बात करती है, तो इन व्यवहारों के कारण मुझे ऐसा लगता है कि कालनेमी हनुमान चालीसा पढ़ रहा है। ...**(व्यवधान)**... आपने विचार अभिव्यक्ति की बात की। मैं उसमें एक ही बात कहना चाहता हूं। मैं आपका ज्यादा समय लेना नहीं चाहता, लेकिन यह कहना चाहूंगा कि विचार अभिव्यक्ति पर जो सबसे जरूरी बात है कि आप विभिन्न दलों के लोगों को, विभिन्न विचार के लोगों को, नेता सदन ने कहा, हम पूरी मान्यता देते हैं। तो यह मान्यता कैसे होगी, जब जगह-जगह उन लोगों पर हमले होंगे? जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से जुड़ी कुछ घटनाएं मैं आपको बताना चाहूंगा, जो समाचार-पत्रों में आ चुके हैं कि उसके बाहर लोग हर क्षेत्र में विश्वविद्यालय के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और वहां तमाम जो मकान मालिक हैं, उनको कह रहे हैं कि जेएनयू वालों को किरायेदार मत बनाओ। ऐसा अखबारों में छपा है, यह मैं नहीं कह रहा हूं। तो यह सब इसलिए हो रहा है कि देश में एक नफरत का और भय का माहौल बनाया जा रहा है। उससे देश बिखराव की तरफ बढ़ेगा। मैं आपसे कहना चाहूंगा कि देश संशय नहीं, विश्वास से चलता है, बिखराव नहीं, एकता से चलता है, इसलिए उस एकता को बनाने के लिए आवश्यक है कि आप उस छात्र शक्ति का भी अपमान मत कीजिए। नेता सदन और बहुत से लोग जो शासक दल में हैं, इधर बैठे हैं, सबको पता है कि नौजवानों और छात्रों की शक्ति क्या होती है। इसलिए मैं बहुत बातें न करते हुए आखिर में इतना ही कहूंगा कि सरकारों को, जैसा नेता प्रतिपक्ष ने कहा था, कि फ्रांस में, यूरोप में 1968 में क्या हुआ था, वहां भी जाने की जरूरत नहीं है। ...**(समय की घंटी)**... 1975-77 में भारत में क्या हुआ था, जिसमें नेता सदन स्वयं शामिल थे, उसको जानिए। तो छात्र शक्ति और नौजवानों की शक्ति, जो आज भारत की सबसे बड़ी शक्ति है, हमारी 65 फीसदी से ज्यादा आबादी नौजवानों की आबादी है, 35 वर्ष की उम्र से नीचे वालों की आबादी है, तो यह जो नौजवानों की ताकत दुनिया में भारत की सबसे बड़ी ताकत है, इसीलिए मैं आखिर में कहना चाहूंगा, क्योंकि आपको आज़ादी पर बड़ी आपत्ति है, तो सिर्फ आज़ादी भूख और बेरोज़गारी से ही नहीं, बल्कि आज़ादी सरकारी अत्याचारों से भी चाहिए। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Please conclude.

श्री डी.पी. त्रिपाठी: सर, मैं आखिरी बात कह रहा हूं। ...**(व्यवधान)**... अब मैं बस आखिरी बात कह कर खत्म कर रहा हूं कि याद रखिएगा कि —

"संघर्षों की छाया में असली आज़ादी पलती है।
इतिहास उधर झुक जाता है,
जिस ओर जवानी चलती है।"

धन्यवाद।

PROF. MRINAL MIRI (Nominated): Thank you Mr. Vice-Chairman, Sir. I don't know how much time I have.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): You have five minutes.

PROF. MRINAL MIRI: I will finish it before that.

Allow me, Sir, first of all, to lend my voice to the many voices of condemnation of the horrible slogans raised at the JNU meeting and the totally unacceptable banners displayed.

Having said that, I would like to say a word about the idea of a nation and nationalism. There is a tendency, to my mind, fairly dangerous, to conflate, even equate, the idea of the State with the idea of the nation. My relationship with the State is primarily a contractual one. The State provides its citizens with infrastructure to take care of their basic human needs, provide internal and external security to the country and enable its citizens to pursue their life's goals in a competitive modern world. And, it is the contractual responsibility of the citizens, in turn, to help sustain the State by paying taxes and abiding dy the laws of the State.

The idea of a nation is much larger than the idea of the State. There is a distinct ethical edge to my relationship to the nation. My ties with the nation are framed by emotions such as love, gratitude, a strong sense of mutuality and belonging, and respect which make sense only within an ethical universe. Such emotions need to be fostered and nurtured; they do not come readymade. This is why we say, quite correctly, that we are still in the process of building our nation. The basic requirement of this process is an authentic — as opposed to illusory — understanding of the reality of India as it is today and then seek ways of effective but extraordinarily sensitive and 'mindful', a term used by Buddha, ways of fostering and nurturing the emotions that I have mentioned.

My own sense is that much of the turmoil concerning 'nationalism' and its proper articulation is a consequence of the conflation of the idea of the State with that of a nation and the intrusion of party politics into the debate. We cannot have any deep understanding of the nation unless we resolutely put the nation above party politics and the very limited idea of power that is associated with such politics.

For the JNU crisis, the university administration must take the blame for its lack of understanding of what a university is about. The police, likewise, must take the blame for its over-enthusiastic and unmindful handling of the situation, the political parties for the unseemly political turn that the crisis has taken and the media for its over-reaction. The nation is an incredibly valuable thing, and must be protected from forces such as these.

When Gandhi met Phizo, the Naga leader, he said to him — this may be folklore but, I think, it is a very, very instructive story. Gandhi said, 'I would like to think of your

[Prof. Mrinal Miri]

Naga country as my own just as I would like you to think of the whole of India as yours.' True nationalism must incorporate such sentiments of belongings as this. Thank you.

श्री संजय राउतः सर, हम यहां दो दिन से देशद्रोह और देशभक्ति की व्याख्या सुन रहे हैं। उसकी कोई व्याख्या नहीं होती है, कोई डेफिनेशन नहीं होती है। वह हमारी अंतरात्मा की आवाज होती है।

(उपसभापति महोदय *पीठासीन हुए)*

देश के राष्ट्रपति जी ने कल अपने अभिभाषण में कहा कि जो शहीद हुए हैं, जो देश के लिए मरे हैं, मिटे हैं, हमें उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाना है, लेकिन हम जिस तरह का माहौल देख रहे हैं, क्या हम उस तरह का देश बना पाए हैं? आज सरकार की स्थिरता की बात नहीं है, देश की स्थिरता की बात होनी चाहिए। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं, देशद्रोह की बात है। पाकिस्तान में हमारे क्रिकेटर विरोट कोहली के एक फैन ने उसकी फोटो लगा कर तिरंगा फहरा दिया, तो वहां की सरकार ने उस पर तुरंत कार्रवाई कर उसको राष्ट्रद्रोह घोषित किया और उसको गिरफ्तार कर लिया। वहां की पार्लियामेंट में चर्चा नहीं की कि उस लड़के ने देशद्रोह का अपराध किया है या नहीं किया है। उसने कोई पाकिस्तान के खिलाफ नारा नहीं दिया था या उसने हिन्दुस्तान के समर्थन में नारा नहीं दिया था। क्रिकेट था, खेल था, उसने अपने एक भारतीय खिलाड़ी का फोटो लगाया, लेकिन उसे राष्ट्रद्रोही घोषित किया और उसे जेल में बंद कर दिया गया। उसके ऊपर मुकदमा तक नहीं चल रहा है और हम यहां राष्ट्रद्रोह के ऊपर सिर्फ चर्चा कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री ऑस्कर फर्नांडिस (कर्णाटक): भारत और पाकिस्तान में यही अंतर है। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय राउतः मैं आपको यही बताना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री जावेद अली खानः जिसने लगाया, उसने उसी को पकड़ा, दूसरे को नहीं पकड़ा। ...**(व्यवधान)**...

† **جناب جاوید علی خان :** جس نے لگایا، اس نے اسی کو پکڑا، دوسرے کو نہیں پکڑا ۔(مداخلت).

श्री संजय राउतः मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि जो उसी पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे जेएनयू यूनिवर्सिटी में लगा रहे थे, आप उसके समर्थन में बोल रहे हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री बी.के. हरिप्रसाद (कर्णाटक): कोई समर्थन नहीं कर रहा है। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय राउतः समर्थन की बात नहीं है, जेएनयू में अफज़ल गुरु के समर्थन की बात की गई है। आप नारे देखिए, क्या है? "भारत की बरबादी तक जंग जारी रहेगी", भारत की बरबादी तक जंग जारी रहने की भाषा का इस्तेमाल पाकिस्तान करते आया है। अफज़ल के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने की भाषा का इस्तेमाल पाकिस्तान से हाफिज़ सईद करते आया है। यही भाषा का इस्तेमाल जेएनयू के लोगों ने किया है। ...**(व्यवधान)**... जेएनयू में जो हुआ है, उसका केन्द्र बिन्दु, उसका सेंटर प्वाइंट पाकिस्तान है और मैं यह मानता हूं कि पठानकोट एयरबेस पर जो हमला हुआ, वह भी है,

†Transliteration in Urdu script.

क्योंकि पठानकोट के हमले के बाद हाफिज़ सईद ने वहां से बोला था कि यह अफलज़ गुरु की फांसी का बदला है। यह हाफिज़ सईद का स्टेटमेंट था और उसके तुरंत बाद जेएनयू में अफज़ल गुरु की बरसी मनाई जाती है। हमारे एयरबेस पर हमला होता है। मुझे लगता है कि आप लोग जो कर रहे हैं, वह देश के हित में नहीं है। यह राजनीति का विषय नहीं है। राष्ट्रद्रोह की जब कोई बात सामने आती है, तब इस सदन में हम सबको एकसाथ मिलकर आवाज़ उठानी चाहिए। मैं पठानकोट के बारे में बात कर रहा था, क्योंकि पठानकोट के बाद जेएनयू में अफज़ल गुरु की बरसी बनाई गई।

दूसरी बात यह है कि पठानकोट का जो हमला हुआ, उसमें बहुत सी कमियां थीं। हमारा इंटेलिजेंस फेल्योर था, पाकिस्तान के लोग बिना रोक-टोक हमारे एयरबेस पर पहुंच गए, इसमें हमारे सात लोग शहीद हो गए। क्या कुछ छुपाने या उस पर से ध्यान हटाने के लिए जेएनयू में ऐसा हुआ? यह भी देखना पड़ेगा। कश्मीर में हमारे जवान रोज़ शहीद हो रहे हैं।

हमारी पार्टी, शिवसेना हमेशा आतंकवाद और देशद्रोह के खिलाफ अपने बलबूते पर लड़ती रही है। हम सरकार की मदद नहीं लेते हैं। सरकार चाहे हमारी हो या किसी की हो, हम तो डंडे दिखाते हैं, लेकिन वे हमारे सीने पर ... लेकिन हम एक बात जरूर कहेंगे, जो आपने भी उठाई कि अगर जेएनयू में देश के खिलाफ नारे लगे हैं, तो इस प्रकार के नारे हमारे कश्मीर में हर रोज लगते हैं। वहां भी अफज़ल गुरु की बरसी मनाई जाती है। पीडीपी के हमारे दोस्त यहां बैठे हैं। वे अफज़ल गुरु को कभी आतंकवादी मानने को तैयार नहीं हैं। यह ऑन-रिकॉर्ड है। अगर हमारी उनसे दोस्ती हो गई है, तो उनको हमें समझाना पड़ेगा कि अफज़ल गुरु आतंकवादी था, देश के खिलाफ था, देशद्रोही था। उसने हमारे देश पर, हमारी संसद पर हमला किया है। ...**(व्यवधान)**... यह हम मित्रों की बात है और हम आपस में बैठकर बात करेंगे, आप उसमें मत आइए। जब जेएनयू में अफज़ल गुरु और कश्मीर की आज़ादी के लिए नारे लगाए गए, तो उसके तुरंत बाद कश्मीर में भी "थैंक यू जेएनयू" के नारे लगाए गए। ...**(व्यवधान)**... उसकी जरूरत क्या थी? तुरंत कश्मीर में "थैंक यू जेएनयू" के बैनर्स लगाने की क्या जरूरत थी? ...**(समय की घंटी)**... ठहरिए, सर। ...**(व्यवधान)**... सर, जेएनयू में जिस तरह से माहौल बना है, उसको देखकर लगता है कि अब तक पाकिस्तान से कसाब जैसे बच्चे यहां भेजे जाते थे, कश्मीर में हमारे युवाओं का ब्रेन वॉश करके उनको हमारे खिलाफ इस्तेमाल किया जाता था, अब उसकी जरूरत नहीं पड़ेगी, ऐसा दु:ख के साथ कहना पड़ता है। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sanjay Rautiji, your time is over. ...*(Interruptions)*... Sanjayji, time is over.

श्री संजय राउत: सर, दो मिनट। यह शॉर्ट ड्यूरेशन नहीं, लॉंग ड्यूरेशन डिस्कशन है। ...**(व्यवधान)**... सर, सोशल मीडिया में ...**(व्यवधान)**...

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Sir, Members spoke for 30 minutes, whereas he has spoken for only three minutes. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. All right. Is that the position of the Government?

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: No.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I agree. ...*(Interruptions)*... The point is... ...*(Interruptions)*... No, no, I agree. See, you are a Minister. As a Minister, you should be responsible. If that is the position of the Government, I have no problem. I will allow everybody. I am oniy restricting because the Government is asking that one Bill is also to be taken. ...*(Interruptions)*... But if you want it to be extended, I have no problem. ...*(Interruptions)*... Mr. Javadekar, you are a Minister. ...*(Interruptions)*... Mr. Javadekar, you are my friend. But, you always do the mistake. ...*(Interruptions)*... You are standing. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Sir, you please give me one minute. In the afternoon only I said that we have to pass one Bill. You said, "Yes". Then, at that time only I requested that the debate must be concluded in three hours. And you allowed everybody.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay; you ask your colleague, what he came and told me. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: No, you allowed everybody then. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is not the point. ...*(Interruptions)*... Listen, listen. Javadekarji, my point is, you should help the Chair. That is number one.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: That is what I am doing.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Listen. You ask your colleague what he came and told me.

श्री संजय राउतः सर, मेरा टाइम जा रहा है। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: And you said exactly opposite of what he said. ...*(Interruptions)*... That is what I am saying. ...*(Interruptions)*... Do you want to divulge here what he said?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI): No. Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, that is the position. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAMOD TIWARI: Sir, I have a point of order. ...*(Interruptions)*...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वीः सर, ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापतिः आप बैठिए। See, I wanted to restrict. I know what he said. You said exactly opposite of that. That is my complaint. ...*(Interruptions)*... You consult and say. ...*(Interruptions)*...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वीः सर, ऑनरेबल मिनिस्टर की जो भावना है, वह आपको हर्ट करने की नहीं है, बल्कि आपसे सहयोग करने की है। पहले यह डिस्कशन कन्क्लूड हो जाए। ...**(व्यवधान)**... After the conclusion of this discussion, please take the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Sanjay Raut, we have to pass a Bill also today. So, you please conclude. That is all what I said. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAMOD TIWARI: Sir, what is your ruling on my point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is your point of order?

श्री संजय राउतः सर, मुझे बोलने दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI PRAMOD TIWARI: Sir, when a Minister accuses the Chair like this...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: 'Chair'!

SHRI PRAMOD TIWARI: Yes, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Everybody is accusing. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAMOD TIWARI: Nobody is accusing. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nobody is accusing the Chair?

SHRI PRAMOD TIWARI: No, Sir. ...*(Interruptions)*...

SHRI TAPAN KUMAR SEN: Sir, I am supporting the Minister. You allow him, and you allow me also.

SHRI PRAMOD TIWARI: Sir, insult of the Chair is the insult of the House. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If the Minister has accused the Chair, I will go through the record, and take appropriate action. ...*(Interruptions)*...

SHRI PRAMOD TIWARI: Sir, insult of the Chair is the insult of the House. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is why I said, I will go through the record, and I will take appropriate action, Tiwariji. ...*(Interruptions)*... Okay. Now, please. Now, let us all cooperate. ...*(Interruptions)*... Please, please.

श्री संजय राउतः सर, आज तक पाकिस्तान के कसाब जैसे बच्चे यहां भेजे जाते थे, कश्मीर में हमारे युवाओं को ब्रेन वॉश करके हमारे खिलाफ इस्तेमाल किया जाता था, अब उसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। मैं सोशल मीडिया पर अभी-अभी एक मैसेज पढ़ रहा था। "After watching so much drama at the JNU, the ISIS and the Lashkar are planning to visit JNU for campus recruitment."

सर, वहां हमारी यूनिवर्सिटी की प्रतिमा बन गई कि वहां क्या हो रहा है। सबसे पहले मानना पड़ेगा और गम्भीरता से विचार करना पड़ेगा कि हमारा खुफिया तंत्र, हमारी intelligence इस मामले में थोड़ा कमजोर पड़ गया। ...**(व्यवधान)**... सर, कन्हैया को arrest किया और जो पांच छात्र थे, वे अंदर थे और पुलिस उनका गेट पर इंतजार कर रही थी। पुलिस को कैम्पस में प्रवेश करने की वाइस चांसलर से अनुमति नहीं मिली। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या JNU अलग देश है और क्या JNU और भारत के बीच भी Extradition Policy होनी चाहिए? अगर इस प्रकार से होता है, तो सभी यूनिवर्सिटीज़ पर कंट्रोल नहीं रहेगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Sanjayji, your time is over. ...*(Interruptions)*... Please Sanjayji. ...*(Interruptions)*... Sanjayji, please ...*(Interruptions)*...

श्री संजय राउतः सर, दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान के बारे में हमारी सरकार की पॉलिसी तय होनी चाहिए। सर, यह देशद्रोह का मामला है। इसमें double standard नहीं हो सकता। अगर JNU में पाकिस्तान के पक्ष में लोग नारे लगाना देशद्रोह का मामला बनता है और उसके खिलाफ सरकार और हमारे मित्र पक्ष लड़ते हैं, तो मुम्बई में भी ...**(व्यवधान)**... जब हमने पाकिस्तान का विरोध करने के लिए महमूद कसूरी को रोकने की कोशिश की, तो सरकार ने हमारे खिलाफ cases बनाए। ...**(व्यवधान)**... JNU में जब पाकिस्तान के कलाकार आए थे। जब हम मुम्बई में पाकिस्तान के कलाकार और क्रिकेटर्स को रोकने की बात करते हैं, तो हमारे खिलाफ आवाज उठती है और वहां की सरकार फिर चाहे वह हमारी हो, हमारे खिलाफ cases बनाती है।

सर, मैं इतना ही कहूंगा कि पाकिस्तान के बारे में हमारी जो भूमिका है, उसमें सरकार को अपना स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए कि आने वाले समय में हमारे देश के लोग पाकिस्तान के साथ खेलेंगे या नहीं, पाकिस्तान के कलाकारों को यहां आने देंगे या नहीं आने देंगे। अगर नहीं आने देंगे, तो फिर चाहे JNU का case हो, चाहे मुम्बई, कोलकाता या लखनऊ हो, हर जगह पर एक ही मापदंड अपनाना चाहिए।

सर, सरकार ने JNU के बारे में जो action लिया है, उसका हम समर्थन करते हैं। अगर freedom of speech देश के खिलाफ है, भारत माता के खिलाफ है ...**(व्यवधान)**...

